हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 दिसंबर 2025

06 आजादी के 78 साल बाद भी कई ग्रामों में शासकीय...



09 वर्षों की तपस्या के बाद आता है पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव





## समाचार संक्षेप

### अंबेडकर दिवस पर संविधान की सुरक्षा का लिया संकल्प



**गुना।** भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और संविधान की सुरक्षा व संप्रुभता को बरकरार रखने की शपथ ली गई। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के निर्देश पर गुना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक एक और दो के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता सुबह 11 बजे अंबेडकर मांगलिक भवन में एकत्रित हुए। सबसे पहले बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहब का स्मरण करते हुए विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान लिखने बाबा डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी ने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि भारत को एकजुट और विकासशील बनाए रखने के लिए संविधान ही एकमात्र विकल्प है, जिसकी सुरक्षा और संप्रभुता बरकरार रखना एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता का दायित्व है। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा संगठन का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**गुना ।** गुना जिले में 6 दिसम्बर को होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा संगठन का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा परेड की सलामी ली गई। परेड की कमाण्ड मनोज भदौरिया प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड गुना द्वारा की गई। परेड में होमगार्ड, एनसीसी, सिविल डिफेन्स प्लाटूनों द्वारा 26वीं वाहिनी के बैण्ड दल की मधुर ध्वनि पर आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। इसके उपरांत प्राप्त संदेशों का वाचन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के स्वयंसेवी जवानों के मेधावी बालक-बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट सेवाओं के लिये होमगार्ड्स एवं एसडीईआरएफ के अधिकारी/कर्मचारी/स्वयंसेवी जवानों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान एसडीईआरएफ की प्रदर्शनी का अवलोकन सभी के द्वारा किया गया। आभार जिला सेनानी आरके पथरोल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में जिले के अधिकारी/कर्मचारी, होमगार्ड्स विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी स्वयंसेवी जवान तथा एनसीसी केडेट्स, सिविल डिफेन्स वॉलेन्टियर्स, आपदा मित्र एवं पत्रकार बन्धु भी उपस्थित थे।

### प्रीतम वाटिका से आयरलैंड की हाई रेंज जेम्सन विदेशी मदिरा अंग्रेजी व्हिस्की जब्त

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी वृत्त गुना के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा मुखबीर सूचना मिली की एक व्यक्ति प्रीतम वाटिका में अंग्रेजी मदिरा रख कर गया है । उक्त सूचना पश्चात प्रीतम वाटिका पर आबकारी बल सहित पहुँचकर विधिवत तलासी ली गई तो 2 पेटी अंग्रेजी मदिरा आयरलैण्ड की व्हिस्की 24 नग 750ml पायी गयी । जिसकी क़ीमत 69,840/- रुपये है l प्रीतम वाटिका के मालिक से उक्त मदिरा की पूछताछ की जा रही है । इसमें अन्य लोग भी शामिल होने की संभावना है । आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही। आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है ।

## बाबा साहेब की 70वीं पुण्यतिथि पर 'फिट इंडिया क्लब गुना' का हरित नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पितृ स्मृति वन में हुआ भावपूर्ण पौधारोपणगुना, 6 दिसंबर 2025 संविधान निर्माता डॉ. भीमराव राम अम्बेडकर की 70वीं पुण्यतिथि, जिसे महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है, इस अवसर पर Fit India Club Guna ने पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से उन्हें एक अनूठी और सार्थक श्रद्धांजलि अर्पित की।क्लब के संस्थापक इंजीनियर गुलाब राज के आह्वान पर, अंशु श्रीवास्तव, सरदार अनूप सिंह सोढ़ी, एडवोकेट विष्णु झा, राज सिंह यादव, बृजेश यादव, कमल कुशवाहा , रमेश अग्रवाल , महेश जाटव बाबूजी, भूरा उर्फ शौकत अली खान और सुनील राणा सहित शहर के अनेक प्रबुद्ध नागरिक एवं पर्यावरण प्रेमी सुबह पितृ स्मृति वन में एकत्रित हुए। इस अवसर पर बाबासाहेब के सपनों को साकार करने के संकल्प के साथ वृक्षारोपण किया गया।पर्यावरण और सामाजिक न्याय का संगम पौधारोपण अभियान में भाग लेने वाले सभी सदस्यों ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय और समानता के



संदेश को याद किया। इस नेक कार्य का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें शहीदों और महापुरुषों की स्मृति से जोड़कर, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायक हरित धरोहर तैयार करना भी था।इस अवसर पर एडवोकेट विष्णु झा और सरदार अनूप सिंह सोढ़ी ने डॉ. अम्बेडकर के मूल उद्देश्यों और विचारों को साझा करते हुए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया, जिसमें 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का मूल मंत्र भी शामिल था।इस अवसर पर, क्लब के संस्थापक इंजीनियर गुलाब राज ने कहा₹डॉ. अम्बेडकर ने जिस समतामूलक समाज की कल्पना की थी, उसकी नींव प्रकृति के संतुलन पर ही टिकी है। उन्हें याद करने का सबसे सच्चा तरीका यही है कि हम पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें।

पितृ स्मृति वन में लगाए गए ये पौधे, बाबा साहेब के अमर विचारों की तरह, अनंत काल तक हमें प्रेरणा देते रहेंगे।₹Fit India Club Guna ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों, सदस्यों, और नागरिकों का आभार व्यक्त किया, और समाज के सभी वर्गों से पर्यावरण संरक्षण के इस महाभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

### धरनावदा थाना क्षेत्र के झागर गांव की घटना, मूल लेकर मांगे और पैसे

## पानी पुरी बेचने वाले को सूदखोरों ने दे दिया 5 लाख कर्ज, नतीजा आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के झागर गांव में 20 साल के युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया। वह सूदखोरों की प्रताड़ना से परेशान था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि मूल रकम चुकाने के बाद भी सूदखोर उससे और पैसों की मांग कर रहे थे। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर बॉडी परिजनों को सौंप दी गई है। मृतक के पिता गिर्राज किरार ने बताया कि उनका बेटा विकास किरार (20) गांव



में ही पानी-पताशे का ठेला लगाता था। शुक्रवार शाम करीब 8 बजे वह घर आया और सीधे अपने कमरे में चला गया। वहां उसने जहरीला पदार्थ (सल्फास) खा लिया। कुछ देर बाद उसके मुंह से झाग निकलने लगा। परिजन घबराहट में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### मूल दिया, ब्याज के लिए करते थे परेशान

मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि विकास ने पिछले साल 5 लोगों से करीब 5 लाख रुपए का कर्जा लिया था। परिवार को पता चला तो उन्होंने खेत की उपज और अन्य इंतजाम कर पैसे लौटा दिए थे। लेकिन, ब्याज के कुछ पैसे रह गए थे। किसी के 2 हजार तो किसी के 1 हजार रुपए बाकी थे। सूदखोर उसे अकेले में ले जाकर धमकाते थे। कहते थे- अगर इस तारीख तक पैसे नहीं दिए, तो जान से मार देंगे।

इसी दबाव में आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। विकास अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी एक छोटी बहन भी है। पिता खेती-किसानी करते हैं, जबकि विकास ठेला लगाकर परिवार की मदद करता था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादी से घर वापस लौट रहे थे दंपति, हादसे में पत्नी की मौत

शहर के कुशमोदा इलाके में हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं उनके पति घायल हो गए। दोनों शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी किसी वाहन की टक्कर से वे नीचे गिर पड़े। पीछे से आ रहा ट्रक उनके ऊपर चढ़ गया। गनीमत रही कि बाइक चालक ने हेलमेट पहन रखा था। इस कारण वह बच गया।मिली जानकारी के अनुसार बीनागंज के रहने वाले अख्तर खान कस्बे में ही जनरल स्टोर का संचालन करते हैं। गुरुवार को वह अपनी पत्नी शबाना खान के साथ गुना में आयोजित एक शादी में शामिल होने आए थे। गुरुवार रात वह शादी के कार्यक्रम में शामिल हुए।शुक्रवार शाम लगभग 6:30 बजे वह बाइक से अपनी पत्नी के साथ बीनागंज वापस जा रहे थे। वह कुशमोदा पहुंचे ही थे कि किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह बाइक सहित नीचे गिर गए। तभी पीछे से आ रहा ट्रक उनके ऊपर चढ़ गया। घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अख्तर घायल हो गए। वहां मौजूद राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने शबाना को मृत घोषित कर दिया। वहीं अख्तर को ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने परिवार वालों को सूचना दे दी है। वहीं महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया गया है।

## यातायात पुलिस ने पीजी कॉलेज के समक्ष लगाया चेकिंग प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार दिनांक 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में विशेष सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन अभियान संचालित किया जा रहा है । इस क्रम में गुना जिले में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शमानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत टीआई ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह कुशवाह द्वारा एक संवेदनशील, जिम्मेदार एवं जन-हितकारी चेकिंग अभियान संचालित किया गया । अभियान के तहत दिनांक 06 दिसंबर को पीजी कॉलेज गुना के समक्ष विशेष चेकिंग प्वाइंट लगाकर सख्त किंतु मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्यवाही की गई । चेकिंग के दौरान कई वाहन चालक—जिनमें कॉलेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे, दो-पहिया वाहन चलाते समय बिना हेलमेट पाए गए । बिना



हेलमेट वाहन चलाना एक छोटी-सी भूल लग सकती है, लेकिन यही भूल किसी परिवार की जिंदगी भर की खुशी छीन सकती है । एक पल की दुर्घटना किसी माँ की उम्मीद, किसी पिता की मेहनत और किसी बच्चे के भविष्य को हमेशा के लिए अधूरा कर सकती है । इसी भावना के साथ चालकों को केवल रोका ही नहीं गया, बल्कि उन्हें आत्मीयता से यह समझाया गया कि हेलमेट कोई मजबूरी नहीं, बल्कि अपनों की सुरक्षा का वचन है, जो हर सुबह घर से निकलते समय हमें सुरक्षित लौटने का भरोसा देता है । चैकिंग के दौरान बिना हेलमेट पाये गये 49 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 14,700/-रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया । साथ ही यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि कानून सभी के लिए समान है—चाहे वह किसी सरकारी संस्थान से जुड़ा हो या निजी क्षेत्र से । भविष्य में कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट वाहन चलाते पाया गया, तो उसके विरुद्ध भी समान कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।

## जिला अस्पताल हुआ सख्त, तंबाकू सेवन करने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना


कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय गुना में तंबाकू निषेध अभियान के तहत विशेष कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान कोटपा एक्ट का उल्लंघन करते हुए अस्पताल परिसर में तंबाकू का सेवन करते पाए गए 14 व्यक्तियों पर कुल 1520 रुपये का जुर्माना किया गया। इसी क्रम में कुछ वार्डों में मरीज तंबाकू का सेवन करते पाए गए, जिन पर नियमानुसार जुर्माना करते हुए टीम के सदस्यों द्वारा उन्हें तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में समझाइश दी गई तथा NRT लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही डॉ. अरुण प्रकाश धाकड़ द्वारा सभी व्यक्तियों को तंबाकू त्यागने हेतु परामर्श दिया गया और (निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी) का उपयोग करने की सलाह दी गई। अस्पताल मैनेजर डॉ. सूरज सिंह एवं विनीता सोनी, नोडल ऑफिसर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा तंबाकू मुक्त अस्पताल परिसर के लिए निरंतर कार्ययोजना तैयार कर सिविल सर्जन को अवगत कराया जा रहा है, ताकि परिसर में तंबाकू सेवन पर पूर्ण रोक सुनिश्चित की जा सके। अस्पताल परिसर को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाने हेतु सिविल सर्जन द्वारा एक विशेष निगरानी टीम गठित की गई है, जो नियमित रूप से सभी वार्डों में निरीक्षण कर तंबाकू सेवन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। टीम के सदस्य मे नमिता खादेरकर, रेखा शर्मा, मुरारीलाल, वर्षा मकोड़े एवं शैलेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

## मुझ पर लगाए आरोप निराधार हैं, चाहे तो कलेक्टर कमेटी से करा सकते जांच पड़ताल

**प्रेसवार्ता में बोले-मीनाक्षी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. डीएस कुशवाह**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के मीनाक्षी हॉस्पिटल में महिला के गलत ऑपरेशन की बात को प्रबंधन ने सिरे से खारिज किया है। अस्पताल के संचालक डॉ. डीएस कुशवाह ने दावा किया है कि महिला पुष्पलता जैन हड्डी फ्रेक्चर के बाद 9 फरवरी 2024 को उनके अस्पताल में भर्ती हुई थी। जिसका ऑपरेशन 15 फरवरी 2024 को किया गया था। महिला को बाद में परेशानी होने के बाद उसका दोबारा ऑपरेशन भी किया गया, लेकिन हड्डी में केमीकल की कमी होने के कारण वह चलने-फिरने में सक्षम नहीं हो सकी। डॉ. कुशवाह का यह भी कहना है कि उन्होंने दो बार महिला को चलता-फिरता कर दिया था, लेकिन बाद में वह



घर पर गिर गई, जिसके चलते रीबॉन फ्रेक्चर हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि इन दिनों कुछेक अखबारों में जो खबरें प्रसारित हो रही है, वह पूरी तरह निराधार हैं। एक अखबार ने तो एक अन्य व्यक्ति का एक्सरे प्रकाशित कर दिया था। इतना ही नहीं स्वयं विशेषज्ञ बनकर जो फैक्चर नहीं होता उसे भी फैक्चर बता दिया गया। डा. कुशवाह का कहना है कि उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया है कि एक जांच कमेटी बनाकर जांच करा ली जाए और अगर मैं दोषी ठहराया जाऊं तो अपना अस्पताल बंद करने के लिए तैयार हूं।

## कलेक्टर के निर्देशों पर चाइल्ड ट्रैकिंग अभियान हुआ सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले में ड्रॉपआउट मुक्त वातावरण तैयार करने के लिए विगत दिवस बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में शिक्षा विभाग ने शनिवार को चाइल्ड ट्रैकिंग अभियान के तहत महत्वपूर्ण कार्रवाई की। कलेक्टर ने बैठक के दौरान कहा था कि "हर बच्चा पढ़े, हर बच्चे के पास शिक्षा हो। शिक्षा के माध्यम से उसका सामूहिक विकास होगा, वह समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करेगा और आगे चलकर समाज को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा।" इसी निर्देश के क्रम में राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग एवं पंचायत




विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम पुरा लुहारी, ग्राम पंचायत देहरी में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने ग्रामवासियों को शिक्षा के महत्व और विद्यालय से बच्चों के नियमित जुड़ाव की आवश्यकता समझाई। अभियान के दौरान स्कूल त्यागी बच्चों के अभिभावकों से संवाद कर समझाइश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप ग्राम देहरी के तीन विद्यार्थियों का शासकीय माध्यमिक विद्यालय देहरी में कक्षा 7 एवं 8 में पुनः प्रवेश कराया गया। चाइल्ड ट्रैकिंग अभियान का उद्देश्य जिले में किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने देना और ड्रॉपआउट रेशो को शून्य तक लाना है।

### कलेक्टर ने मैपिंग कार्य की समीक्षा की, निर्वाचन कार्य में लापरवाही न बरतने के दिए निर्देश

## सुपरवाइजर एवं बीएलओ बैठक में समन्वय और संवाद पर विशेष जोर, एसडीएम ने भी साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज निर्वाचन संबंधी मैपिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में एसडीएम गुना श्रीमति शिवानी पाण्डेय, एसडीएम राघौगढ अमित सोनी, एसडीएम चांचौडा रवि मालवीय एवं एसडीएम आरोन महेश बमन्हा उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील और जिम्मेदारीपूर्ण है, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने मैपिंग कार्य को समय पर पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रारम्भिक चरण में जितना अधिक कार्य व्यवस्थित रूप से हो जाएगा, आगे उतनी ही कम चुनौतियाँ रहेंगी।



बैठक में सुपरवाइजर एवं बीएलओ ने मैपिंग कार्य के दौरान आने वाली प्रमुख बाधाओं के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए, जिनमें पुलिस लाइन के कर्मियों का स्थानांतरण, कुछ लोगों के समुदाय लगातार आवागमन तथा कार्य के लिए अन्य स्थान पर जाना जैसी स्थितियाँ प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि बेहतर समन्वय और प्रभावी संवाद कार्य की गति और गुणवत्ता को बढ़ाता है।

उन्होंने कहा बीएलओ का बड़ा वर्ग शिक्षक है, और शिक्षक स्वभावतः समस्या समाधान की दृष्टि रखते हैं—इसी सकारात्मक सोच के साथ सभी को कार्य पूर्ण करना चाहिए।

बैठक में उपस्थित एसडीएम ने भी अपने अनुभव एवं महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### अमर शहीद ठाकुर साहब सुखदेव सिंह गोगामेडी की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई

**आरोन।** शुक्रवार को अमर शहीद ठाकुर साहब सुखदेव सिंह जी गोगामेडी की द्वितीय पुण्यतिथि आरोन में गुरैया गौशाला में बनाई गई । जिसमें श्री राष्ट्रीय करणी सेना गुना जिला अध्यक्ष संदीप सिंह तोमर और उनके पदाधिकारी गण सदस्य उपस्थित रहे ।



आरोन श्री राष्ट्रीय करणी सेना के तहसील अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह सिकरवार विधानसभा अध्यक्ष हरि सिंह जी सोलंकी करनी सेना परिवार तहसील अध्यक्ष गिरराज सिंह सोलंकी अजय प्रताप सिंह सोलंकी जगबीर सिंह परमार आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 68वीं पुण्यतिथि मनाई

**आरोन।** अहिरवार समाज के द्वारा आरोन में युवा साथियो एवं वरिष्ठो के द्वारा आरोन में संविधान निर्माता विश्व रतन डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 68वीं पुण्यतिथि मनाई गई। आरोन नगर में अंबेडकर पार्क एवं अहिरवार धर्मशाला पर संविधान निर्माता विश्व रतन डॉ भीमराव अंबेडकर की 68वीं पुण्यतिथि मनाई गई। डॉ अंबेडकर ने शिक्षा सामान्य और सामाजिक न्याय के लिए अग्रदूत भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन किया आपके विचार आपकी शिक्षाएं और आपके द्वारा समाज में परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे । आपकी पुण्यतिथि पर हम आपको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और आपके सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं । इस मौके पर अहिरवार धर्मशाला अध्यक्ष घनश्याम भगत पुजारी महाराज नाथूराम कालू कालूराम भनते जी तिलिखेड़ा फुंदीलाल नेताजी जालम सिंह शिक्षक पठेरा ठेकेदार बमुरिया विवेकानंद अहिरवार चंद्रभान जाटव रतन सिंह भगत पठेरा गौतम ढीमरयाई संजीव पेंटर धर्मेंद्र अहिरवार ठेकेदार बुंदेल सिंह श भरोसी लाल आदि लोग उपस्थित रहें।



### ट्रैफिक नियम पालन, यात्रियों की सुरक्षा एवं मानवीय संवेदनाओं पर केंद्रित प्रेरणादायक बैठक का किया गया आयोजन

**गुना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 26 नवम्बर से 10 दिसंबर 2025 तक संचालित ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा विशेष अभियान के अंतर्गत गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में दिनांक 05 दिसम्बर 2025 को यातायात थाना परिसर में सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा एवं टीआई ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह कुशवाह द्वारा एक व्यापक, संयोजित एवं जन-जागरुकता आधारित बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में बस ऑपरेटरों एवं ऑटो चालकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की । यह केवल बैठक नहीं, बल्कि शहर के भविष्य, यात्री सुरक्षा एवं दुर्घटना मुक्त यातायात व्यवस्था को स्थापित करने की एक संयुक्त प्रतिबद्धता थी ।

## चाचौड़ा में एकल के पांच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का हुआ उद्घाटन

# आजादी के 78 साल बाद भी कई ग्रामों में शासकीय विद्यालयों का बना है टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

स्वावलंबी स्वाभिमानी भाव जगाना है चलो गांव की और हमें फिर देश बनाना है इस उद्देश को लेकर एकल अभियान मध्यभारत संभाग चंबल भाग अंचल गुना के अंतर्गत पांच दिवसीय आवासीय आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ शुक्रवार को बाग बागेश्वर धाम चाचौड़ा( चंपावती) में आयोजित किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राधौगढ़ जिला संघ चालक चंद्रेश नामदेव एवं मुख्यवक्ता एकल अभियान प्रभाग पी 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया गया। P 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन ने आचार्य अभ्यास वर्ग को



संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश को आजादी मिले 78 साल हो गए लेकिन आज भी कई ग्रामों में शिक्षा का अभाव हे जहां कोई भी शासकीय विद्यालय नहीं हे। जहां एकल अभियान पहुंचा और देश के लगभग 1 लाख से अधिक ग्रामों में एकल विद्यालय संचालित हो रहे हे। इन एकल विद्यालयों में एकल आचार्यों द्वारा जनजाति समाज के बच्चों को पंचमुखी शिक्षा से उन्हें शिक्षित कर उनका सर्वांगीण विकास करना ही एकल का मुख्य उद्देश्य रहा हे। श्री जैन ने कहा कि एकल अभियान ग्रामीण भारत के समग्र विकास के लिए चलाया जाने वाला एक आंदोलन है। जिसे एकल विद्यालय के माध्यम से वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने, उन्हें जीवन की मुख्यधारा से जोड़ने और सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों का विकास करने पर केंद्रित है। जिला संघ चालक श्री नामदेव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने पंच परिवर्तन को जीवन का स्थायी हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनें, स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें, सामाजिक समरसता फैलाएं, नागरिक कर्तव्यों का पालन करें और परिवार को प्रेरणा का केंद्र बनाएं। आरएसएस स्वयंसेवक इन परिवर्तनों को लेकर काम कर रहे हैं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव की संभावना है। इस अवसर पर अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह, अंचल व्यास सोनू बंजारा, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख प्रद्युमन मीणा, संच समिति अध्यक्ष अमित अग्रवाल, संच प्रमुख विनोद मीणा, सतीश मीणा, रघुवीर सिंह नायक सहित चाचौड़ा, कुंभराज, जामनेर एवं खिलचीपुर संच के आचार्य एवं सेवा व्रती कार्यकर्ता मुख्यरूप से उपस्थित रहे। पांच दिवसीय वर्ग का समापन 9 दिसंबर 2025 को किया जाएगा।

## आरोन में रविवार को मुनि श्री दुर्लभ सागर के सानिध्य में होगा सम्मान समारोह

### पूर्व एवं वर्तमान कमेटी के पदाधिकारी होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में नगर में अदभुत एवं अनुपम कार्य लगातार जारी हैं।

एक ओर जहां धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मुनि श्री द्वारा सभी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया गया है वहीं दूसरी ओर मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के ही मंगल सानिध्य में एक और महत्वपूर्ण कार्य होने जा रहा है।

चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से आशीष जैन मोनू जैन अभिषेक जैन पारस पिपरई के तत्वाधान में रविवार 7 दिसंबर को सम्मान समारोह का यह कार्यक्रम आयोजित किया किया जा रहा है जिसमें वर्तमान कमेटी के साथ साथ पूर्व कमेटी के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

जैन मिलन के अध्यक्ष संजीव रामपुर,शाखा मंत्री गोलू झंडा, निर्माण समिति सदस्य जैकी जैन संटू कांसल डॉ.राजेश जैन अजित भुजरिया ने पूर्व एवं वर्तमान कमेटियों के पदाधिकारियों के सम्मान की इस सुखद परंपरा की शुरुआत को सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाले कदम के रूप में निरूपित करते हुए सराहना की है।

# दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय सामर्थ 2025 कार्यक्रम 5 दिसंबर 2025 को बीआरसी आरोन के प्रांगण में जनपद शिक्षण केंद्र द्वारा संपन्न हुआ विकासखंड के सभी दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । सभी बच्चों ने दौड़ ,चित्रकला, एकल गायन ,नृत्य ,चुटकुले ,भाषण ,समूह गायन ,रंगोली, मेहंदी लगवाना ,नींबू दौड़ ,कुर्सी दौड़ एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितामें भाग लिया तथा शिक्षकों द्वारा ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ मुख्य अतिथि सहायक संचालक महोदय विकासखंड आरोन संतोष सिंह धाकड़ ,प्राचार्य विनोद सिंह रघुवंशी , विकासखंड स्रोत समन्वयक महोदय श्री माखन सिंह धाकड़ जी द्वारा बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम में बीएसी विपिन भार्गव , बीएसी विनय श्रीवास्तव,एमआरसी अल्ताफ खान ,लेखपाल तपन तिवारी ,समस्त सीएसी एवं शिक्षकों का सहयोग रहा तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा प्रतियोगिता में बालक बालिका विजयी रहे चित्रकला में बालिका वर्ग में पूजा बंजारा , बालक में वर्ग में शिवम मीणा, रंगोली में जन्नत खान, मेहंदी में भूरी कुशवाह ,100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रियांश ,बालिका वर्ग में पावनी रघुवंशी, नींबू रेस में रसीली बंजारा, शिवम केवट ,गायन में काजल मीणा ,प्रियांश ओझा ,कुर्सी रेस में गोरी धाकड़ ,पूजा बंजारा ,प्रियल रघुवंशी ,शिवम केवट ,यश अहिरवार आदि ने प्रतियोगिता में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।



# विशाल घट यात्रा एवं ध्वजारोहण से सिद्ध चक्र विधान का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

धर्मनगरी राघौगढ़ में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ विशाल घट यात्रा एवं विधि विधान से ध्वजारोहण से हुआ।भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने बताया है विशाल घट यात्रा का जुलूस श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर राघौगढ़ से प्रारंभ हुआ। जुलूस में सबसे आगे मुनि योग सागर जी महाराज सत्संग चल रहे थे एवं धर्म प्रभावना बढ़ा रहे थे।उनके पीछे रथ में भगवान विराजमान कर चल रहे थे। इंद्राणियां केसरिया वस्त्र पहने मंगल कलश लेकर चल रही थी। घट यात्रा का जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से गाजे बाजे एवं गगन भेदी नारों के साथ संत सुधा सागर धाम



स्थित संभवनाथ जिनालय परिसर पहुंचा। जहां पर ध्वजारोहण विधि विधान से सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के निर्देशन में जैन समाज के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य एवं विधान पुण्यार्जक परिवार के वरिष्ठ एवं नगर गौरव मुनि निर्लेप सागर जी गृहस्थ जीवन के ताऊ जी पूर्व न पा अध्यक्ष डां अजित रावत सहित परिवारजनों ने किया। धर्म सभा में मंगल प्रवचन करते हुए मुनि श्री योग सागर जी ने कहा श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन आप सभी का महान पुण्य है। आपने सभी को आव्हान किया मन लगाकर भाग ले। आपने विधान की पूजन के समय मोबाइल का त्याग करने का आव्हान किया।

# ईसागढ़ के एसडीएम की अध्यक्षता में बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष ईसागढ़ में प्रबंधक लीड बैंक राजीव राय एवं अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ की सह अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में आनंदी प्रसाद प्रजापति मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईसागढ़, राजाराम वर्मा निदेशक एसबीआई आर सेटी विभाग एवं ईसागढ़ ब्लॉक के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधक व शासकीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में समस्त बैंकों की ओर से लीड बैंक प्रबंधक द्वारा समस्त शासकीय योजना में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने का आश्वासन दिया गया। जनपद पंचायत सीईओ आनंदी प्रसाद प्रजापति द्वारा समस्त बैंकों को निर्देश दिए कि समस्त शासकीय योजना में लंबित ऋण प्रकरणों को स्वीकृत कर अति शीघ्र वितरित करना सुनिश्चित करें। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी द्वारा 15 दिसंबर 2025 तक सभी पशुपालन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, एनआरएलएम,अनुसूचित जाति विभाग की प्रगति संतोषजनक न होने पर सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि 15 दिसंबर 2025 तक शासकीय योजनाओं में अधिक से अधिक ऋण प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करने के निर्देश शासकीय विभागों को दिए गए। बैठक के अंत में राजीव राय लीड बैंक प्रबंधक द्वारा लंबित ऋण प्रकरणों जल्द निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।



## होमगार्ड ने अपना स्थापना दिवस मनाया, जिले के अधिकारी भी शामिल हुए



**अशोकनगर।** शनिवार को कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड जिला अशोकनगर के मारूप कैम्प में होमगार्ड नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम डी.एन. सिंह द्वारा संदेश वाचन किया गया। होमगार्ड मुख्यालय निर्देशानुसार परेड में प्रथम बार सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों का प्लाटून सम्मिलित किया गया।

संदेश वाचन के उपरांत होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ द्वारा किये गये महत्वपूर्ण बचाव कार्यों के बारे में बताया गया। तद्दोपरांत होमगार्ड परिवार के मेधावी छात्रों को समारोह में राशि से पुरुस्कृत किया गया। एवं इसके पश्चात रेस्क्यू कार्य में अदम्य साहस द्वारा किये बचाव कार्यों के लिये जवानों को प्रमाण पत्र से मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इसके पश्चात आये हुये अतिथियों द्वारा आपदा प्रबंधन की प्रदर्शिनी का अवलोकन किया गया। समारोह के दूसरे भाग में होमगार्ड परिवार के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यों में भाग लिया गया। समारोह में एसडीओपी विवेक शर्मा रक्षित निरीक्षक, विधि प्राचार्य गरिमा राठौर, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, विद्यालयों के छात्र-छात्रायें एवं जन-सामान्य सम्मिलित रहे।

# आकुलता मानव जीवन के लिए अभिशाप है : निर्भय सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

मंगल प्रवचन वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर महाराज ने धर्म सभा में मंगल उपदेश देते हुए कहा आकुलता मानव जीवन के लिए अभिशाप है आकुलता का नाम दुख है अशांति है बेचैनी है आकुलता आदमी को चैन से जीने नहीं देती आकुलता परेशानी पैदा करती है।

उन्होनें कहा कि प्रत्येक मानव परेशान है जितनी अधिक इच्छाएं होती हैं आदमी उतना अधिक है परेशान रहता है इच्छाओं की कभी पूर्ति नहीं होती है इच्छा की पूर्ति भगवान भी नहीं कर पाते हैं। इच्छाएं ही ईर्ष्या नफरत और अशांति पैदा करती है। आचार्य श्री ने कहा आकुलता जल्दबाजी और उतावलीपने को भी कहते हैं जल्दबाजी आदमी को जल्लाद बना देती है सारे काम बिगाड़ देती है। खिलाड़ी जल्दबाजी में आउट होता है एक्सीडेंट जल्दबाजी में होते हैं संबंध जल्दबाजी में बिगड़ते हैं इसलिए जल्दबाजी और उतावलीपन से बचना चाहिए। आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज ने ईसागढ़ के इतिहास को बताते हुए कहा कि जैन मंदिर के ऊपर शिखर पर जाने के लिए शिडी लगी है जो कि राजा ने लगवाई थी क्योंकि जब यहां अकाल पड़ा था तब जैन समाज ने उसे काल को दूर करने के लिए जिनेंद्र भगवान के सामने मंदिर में इंद्र ध्वज विधान की रचना करके उस काल को दूर किया था। इसलिए राजा ने प्रसन्न होकर मंदिर की सुरक्षा हेतु ऊपर पहरेदार को बैठाया था सच्चे दिल से की गई आराधना अवश्य फलदाई होती है।



प्रवचन के पूर्व जिनेंद्र भगवान की प्रतिमा का जलाभिषेक किया गया और शांति धारा विशेष मत्रों का उच्चारण करके की गई जिसका सौभाग्य ओमप्रकाश जैन समाज के अध्यक्ष एवं राजेश जैन मंत्री इत्यादि को प्राप्त हुआ। मुनि श्री गुरु दत्त सागर जी एवं मुनि श्री भूदत्त सागर जी ने 48 घंटे तक निर्जल उपवास की साधना की कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार जैन ने किया। आचार्य श्री का आहार जैन समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश जी के घर में हुआ।

# रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने 37 यूनिट रक्त डोनेट किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लायंस क्लब अशोकनगर बेस्ट एवं एपीएस एकेडमी के तत्वाधान में स्कूल में एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी एवं ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर संदीप जैन द्वारा किया गया।

कैंप में वार्ड क्रमांक 3 से पार्षद हेमलता रघुवंशी द्वारा 16वा रक्तदान महेंद्र रघुवंशी द्वारा 25वा रक्तदान सोनू रघुवंशी,दीपक रघुवंशी, वीरेंद्र कुमार ,निधि गहलोत ,सरोज शर्मा, सत्येंद्र रघुवंशी, प्रवीण रघुवंशी, रघुराज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, संदीप रघुवंशी, अमर, सचिन कीर्ति यादव, अनिल सिंह, वैभवी जैन, राखी गुप्ता ,कैलाश कुशवाहा ,आर्यन ,देवेंद्र सिंह ,रश्मि रघुवंशी ,शीला रघुवंशी, शिवम कुमार, सकीम खान, प्रमोद रघुवंशी, जगजीत सिंह, अंजलि जैन अरविंद ,विपिन ,सैयद रकवाल , राहुल, कृष्णभान सिंह ,अंकित, नेहा छाबड़ा मान्या सेन, एपीएस स्कूल के प्राचार्य प्रिंस सोनी ने ब्लड डोनेशन किया गया। एपीएस स्कूल द्वारा सभी रक्तदाताओं का फूल माला पहनकर एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया। कैंप में एचडीएफसी बैंक का भी सहयोग रहा। 37 यूनिट का रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी द्वारा ब्लड बैंक के समस्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

## पटवारी से मारपीट करने वाले 1000 रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया

**मुंगावली।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी, समस्त थाना प्रभारियों को फरार इनामी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना मुंगावली द्वारा एक हजार रूपये के ईनामी आरोपी भानू प्रताप पुत्र अमोलसिंह यादव निवासी ग्राम टीला को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि थाना मुंगावली अंतर्गत दिनांक 24.11.2025 को हल्का पटवारी ईश्वरचंद पुत्र नरेश जाटव उम्र 30 वर्ष निवासी सबलगढ़, जिला मुरैना (हाल पालीवाल कॉलोनी, मुंगावली) द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह ग्राम टीला में एसआईआर का शासकीय कार्य संपादित कर रहा था। तभी अचानक ग्राम टीला निवासी भानू प्रताप पुत्र अमोल सिंह यादव मौके पर आया और फरियादी को जातिसूचक शब्दों द्वारा अपमानित करते हुए उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाई थी। जिसका मामला दर्ज किया गया था।

## केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत हुई थी सड़क, मनमानी की भेंट चढ़ी

# वनभूमि में 3 किमी पर नहीं हुआ सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में वन विभाग द्वारा चौड़ाई बढ़ाने की स्वीकृति न मिलने पर ग्राम बंधी से ग्राम जारोली बुजुर्ग तक एक सड़क का 3 किलोमीटर का हिस्सा अधूरा है। यहां पहले 3.5 मीटर चैड़ाई की डामर सड़क थी, नवीन निर्माण के तहत इसकी चैड़ाई बढ़ाकर 7 मीटर कर दी गई, जिसे वन विभाग ने स्वीकृत नहीं किया।

दस वर्ष तक इसी पुरानी सड़क पर भारी वाहन दौड़ते रहे जिससे पुरानी सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और नई सड़क नहीं बनी। अब सड़क के नाम पर यहां केवल धूल और पत्थरों से भरा एक रास्ता बचा है। जो इमला घाटी पर बरसाती पानी के बहाव से दोनों ओर कटाव का शिकार हो चुका है। यहां बीते दो तीन वर्षों में दो लोगों की मौत ट्रैक्टर पलटने से हो चुकी। कई मोटर साइकिल सवार घाटी से उतरते वक्त अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। तीन किलोमीटर के उखड़े हिस्से के कारण



जारोली बुजुर्ग और काछी बरखेड़ा के ग्रामीण तक पिपरई जाने के लिए इसका इस्तेमाल नहीं करते। क्षेत्र से पिपरई जाने के लिए पहले मुंगावली जाना पड़ता है, जिससे दूरी बढ़कर 35 किलोमीटर हो जाती है, जबकि काछी बरखेड़ा से पिपरई तक यह सड़क केवल 15 किलोमीटर लंबाई की है। इस तरह से सड़क अधूरी होने के कारण ग्रामीणों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ता है।

**मध्यप्रदेश में दूसरे नंबर पर मिली थी स्वीकृति** केंद्रीय सड़क निधि से प्रदेश भर में दूसरे नंबर पर जिस सड़क को सन 2015 में स्वीकृति मिली थी, वह सड़क आज दस साल बाद भी अधूरी है। वजह है लोक निर्माण विभाग और वन विभाग में आपसी समन्वय न होना। 44.88 किलोमीटर लंबाई की अशोकनगर के राजमाता चैराहा से शुरू होकर पिपरई होते हुए मुंगावली के काछी बरखेड़ा में इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए से जोड़ा जाना था। इस सड़क का निर्माण जयपुर की श्री कृष्णा कंट्रक्शन कंपनी ने शुरू किया। निर्माण लागत थी 82.49 करोड़, किंतु तमाम तरह के अड़ंगे लगने के कारण निर्माण में देरी हुई और जीएसटी बिल आ गया। इसलिए कंपनी को निर्माण कार्य छोड़ने तक करीब 12 करोड़ रूपये बतौर जीएसटी के चुकाने पड़े। कंपनी निर्माण कार्य छोड़कर भी चली गई लेकिन निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण उसे केवल 70 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। इस तरह इस सड़क के निर्माण में कंपनी को करीब 24 करोड़ रुपए का घाटा भी हुआ है।

### इनका कहना है

ठेकेदार काम छोड़कर चला गया है। अब यदि वन विभाग से स्वीकृति भी मिली तो नया टेंडर होगा। इसके बाद सड़क बनाई जा सकेगी। हम ज्यादा हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

**पीके झा,** कार्यपालय यंत्री, लोक निर्माण विभाग अशोकनगर

अभी वह सड़क स्वीकृति के लिए राज्य स्तर से लंबित है। जिले का वन विभाग सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकृति का प्रयास कर रहा है। सड़क जहां से गुजरी है, वहां वन्यजीवों का विचरण क्षेत्र है, इसलिए स्वीकृति में देरी हुई है।

**ऋषि प्रजापति,** वन परिक्षेत्राधिकारी, मुंगावली

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी संजीव यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमित शर्मा, और अमित शर्मा के भाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्यारसपुर निवासी सोमतसिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू और अनिल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर निवासी निशा पत्नी देवेन्द्र सिंह कटारिया उम्र 28 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात चालक ने युवक को पीछे से टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत लाला बावड़ी निवासी मोहम्मद जकी अंसारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वाहन क्रमांक एमपी 67 जेडसी 2392 के अज्ञात चालक ने म्यूजियम के सामने मुंगावली चन्देरी रोड पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी को पीछे से टक्कर मार दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की कचनार पुलिस ने माधौगढ निवासी चूरम पारदी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने मातामढ़ मोहल्ला निवासी प्रदीप बाल्मीक से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ़ पुलिस ने ग्राम ओडिला निवासी बारोबाई आदिवासी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने डिपो कॉलोनी मुंगावली निवासी सविताबाई सांसी के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत 1 दिसंबर को गुना अशोकनगर रोड पर पीलीघटा वेयरहाउस के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने बाईक में टक्कर मार दी थी जिससे महिला वेजंती बाई की मौत हो गई थी। मामले की जांच प्रधान आरक्षक राजेश परिहार द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक का मिला शव

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत नया बस स्टेण्ड कलारी के पास 4 और 5 दिसम्बर की रात मढखेडा निवासी संटू पुत्र कोमल अहिरवार उम्र 45 साल का शव बरामद किया है। पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया 16 से 18 तक प्रवास पर

**अशोकनगर।** भारत सरकार के केन्द्रीय संचार मंत्री और स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर 16 से 18 दिसम्बर तक रहेगें। इस दौरान वह सबसे अधिक समय शिवपुरी में प्रदान करेगें। 17 को रात्रि विश्राम अशोकनगर में करेंगे और 18 की सुबह 10 बजे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेगें।

## भगवान बनने की प्रक्रिया में कई श्रेष्ठी परिवारों को अवसर मिला

# वर्षों की तपस्या के बाद आता है पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव भगवान के जन्म से लेकर मोक्ष की प्राप्ति का पर्व है। यह पर्व अशोकनगर में 33 साल बाद फिर आ रहा है। इस पर्व को महामहोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। वर्षों की तपस्या के बाद यह अवसर मिलता है। भगवान बनने की इस प्रक्रिया में जिन श्रेष्ठी जनों को पात्र के रूप में अवसर मिला है उनका जीवन पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव से धन्य होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठा महोत्सव में यह परिवार प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अपनी ख्याती के लिए जाने जाएगें और उन्हें सिंघई की उपाधि के साथ जाना जाएगा।

### ध्वजा रोहण 9 दिसम्बर को होगा

इस महापर्व की शुरूआत 09 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक हो रही है। 9 दिसम्बर को घट यात्रा के साथ इस पंच कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ होगा जिसमें ध्वजारोहण करने का अवसर राज और विनोद मेडीकल परिवार को मिला है।

### भगवान के माता-पिता

भगवान के माता पिता बनने का गौरव अनीता राकेश चक्रवर्ति परिवार को मिला है। वह नाभिराय और माता मरूदेवी के रूप में भगवान के माता पिता होगें। सौ धर्म इन्द्र के रूप में सुमत अखाई परिवार को यह अवसर मिला है।

### पंच कल्याणक के केन्द्र बिन्दु

सौ धर्म इन्द्र द्वारा समवसरण की रचना की जाती है।सौ धर्म इन्द्र के द्वारा सभी धार्मिक क्रियाएं पूरी होती हैं। सौ धर्म इन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव के केन्द्र बिन्दु होते हैं जो देव, मनुष्य त्रिंयच तीनो लोकों के कल्याण के लिए 5 शुभ घटनाओं को आयोजित और संचालित करते हैं जिससे धर्म की स्थापना होती है।

### धन कुबेर साढ़े तीन करोड़ रत्नों की वर्षा कराते हैं

इसी प्रकार धर्म कुबेर की पंच कल्याणक में मुख्य भूमिका जन्म कल्याणक से जुड़ी हैं। जहां वह तीर्थंकर के जन्म से पहले और बाद में साढ़े तीन करोड़ रत्नों की वर्षा कराते हैं। जिससे जन्म स्थान पवित्र और समृद्ध होता है। यह उनके पूर्व जन्म के पुण्य का प्रतीक है। कुबेर एक सहायक देवता के रूप में कार्य करते हैं और तीर्थंकर के जीवन की शुरूआत को भव्य बनाते हैं।

### महा यज्ञ नायक की सबसे मुख्य भूमिका

पंच कल्याणक महोत्सव में महायज्ञ नायक की भूमिका प्रमुख होती है वह भगवान के पांचों कल्याणकों के अनुष्ठानों को आयोजित करने व सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। महायज्ञ नायक इन पांचों कल्याणकों के लिए समारोह के आयोजन करते हैं। कई लोग अपनी जिंदगी दूसरों पर न्यौछावर कर अपने को धन्य मानते हैं- निर्यापका चार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज। निर्यापका चार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने अशोकनगर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कंइ लोग अपनी जिंदगी दूसरों पर न्यौछावर कर अपने आप को धन्य मानते हैं ऐसे लोग भी हैं जगत में जो अपने प्राण न्यौछावर कर भी दूसरे को बचाना चाहते हैं। जैन आगम में आया है कि जंगल में मुनि राज तपस्या कर रहे हैं उसी समय एक शेर मुनि राज की ओर झपटा मार कर आगे बढ़ा तब उपस्थित एक सुकर मुनि राज को बचाने कुद पड़ा सवाल ये कि मेरे मरने से कोई लाभ नहीं महाराज जी के जिंदा रहने से कितने लोगों का कल्याण होगा। ऐसे लोग भी दुनिया में हैं ये लोग इतना पुण्य कमा लेते हैं जिसका पराबार नहीं है।

### आत्महत्या करने वालों को सबसे खतरनाक दुःख मिलते हैं

मुनि श्री ने कहा कि जिसे अपना सगा मानता है जब वहीं साथ नहीं देता तो व्यक्ति 50 प्रतिशत टूट जाता है और जब किस्मत साथ नहीं देती तो व्यक्ति निराशा में चला जाता है और अपने आप की जीवन लीला समाप्त करने पर उतारू हो जाता है। जो दुःख से घवराकर आत्महत्या करने चले जाते हैं कर्म के कारण उन्हें इससे भी ख़तरनाक दुःख मिलते हैं जैसे जेल में पचास प्रतिशत से अधिक अपराधी मरना चाहते हैं लेकिन मर नहीं पाते। वहां ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि मरना चाहने वाले भी मर नहीं सकतो। ऐसे ही कर्म ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि नरक घनघोर दुःख है वहां जीव मरना चाहता है लेकिन मर नहीं सकता। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापका चार्य मुनि पुंगव शसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया के निर्देशन होने जा रहे श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव का शुभारंभ मंगलमय घट यात्रा के साथ होगा।

## जिले में कड़ाके की ठंड शुरू

# तापमान में गिरावट, 8.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में अब तापमान लगातार कम होता जा रहा है सर्दी का मौसम अब अपना असर दिखाने लगा है। पिछले 48 घंटे में तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 8.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम में आ रही गिरावट को देखते हुए लग रहा है कि आने वाले दिन और भी ठंड के भरे होंगे।

माना जाता है कि दिसंबर का महीना पूरे शीतकाल के महीना में सबसे अधिक ठंडा महीना होता है इस महीने में ठंड की शुरुआत अपना असर दिखाना शुरू करती है और तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जाती है। जिले में तापमान को देखें तो 4 दिसंबर को जिले का तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस था 5 दिसंबर को तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा और 6 दिसंबर को तापमान निरंतर गिरावट के बाद 8.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। अब दिन भी ठंडे हो चलें हैं और रात तो ठंडी है ही। शनिवार को पूरे दिन लोग धूप का सहारा लेते रहे आधे दिन के बाद धूप में तेजी आई और लोगों ने आधी धूप आधी छांव का सहारा लिया।

सर्दी का यह मौसम आने वाले दिनों में और अच्छी ठंड भरा होगा इसका एहसास अभी से होने लगा है। इस बार जिले में वर्षा भी खूब हुई है। वर्षा वैसे तो सितंबर माह तक होती है लेकिन इस बार अक्टूबर माह के आखिर तक जारी रही जिसका असर सीधा ठंड में नजर आ रहा है। वर्षा और ठंड के मौसम के बीच एक से डेढ़ माह का समय जो उमस भरी गर्मी का रहता था इस बार जिले में एहसास करने नहीं मिला। जिसके कारण वर्षाकाल का मौसम व्यतीत होते ही ठंड के मौसम की शुरुआत हो गई है और इस बार ऐसा अनुमान है कि ठंड का असर फरवरी माह तक रहने की संभावना है।

ठंड के इस मौसम में शहर भर में गर्म कपड़ों की दुकानों पर अच्छी ग्राहक की शुरुआत हो गई है। ऐसी स्थिति में लोगों को गर्म कपड़ों के लिए जरकिन, टोप और मौजे की जरूरत है। पिछले कई दिनों से होजरी का व्यापार करने वाले दुकानदारों को ठंड के मौसम की शुरुआत होने का इंतजार था। सबको पता है कि दिसंबर के महीने में ही इसका असर दिखाई पड़ेगा और ऐसा ही हुआ। अब दिन भी ठंडे होंगे और रात भी ठंडी होगीं। बाजार में भले ही रुई की रजाई की मांग पहले की तरह न रहती आई हो लेकिन सच पूछो तो ठंड रजाई में ही दूर होती है। लेकिन इसका स्थान कंबलों ने ले लिया है जितने वजन के कंबल होंगे उतने भारी होंगे और ठंड के लिए भी लाभदायक रहेंगे। इसलिए कम वजन के कंबलों की जगह अधिक वजन के कंबलों का लोग उपयोग अधिक कर रहे हैं। बाजार में कंबलों की दुकान भी खूब सजी हैं सभी प्रकार के कंबल बाजार में बिक रहे हैं। ठंड से बचने के लिए अलाव भी जलना शुरू हो गए हैं रात 8:00 बजे के बाद आसपास के इलाके में और मोहल्ले में लोग अलाव जलाने की शुरुआत कर रहे हैं। यह अलाव शहर में कई स्थानों पर देखने मिलना प्रांरभ हो गए हैं। ठंड के मौसम में तापमान इस बार हर वर्षो की तरह नीचे भी जा सकता है। जिले में अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक हर वर्ष रहता आया है। लेकिन इस वर्ष इसमें और भी गिरावट होने का अनुमान लगाया जा रहा है आने वाले दिन कैसे होंगे यह समय ही बताएगा।

## क्षेत्रवासी शौचालय का उपयोग करने से वंचित

# नप द्वारा बनाए गए सुलभ शौचालय बने शो पीस, जिम्मेदार अनजान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

नगर परिषद ईसागढ़ द्वारा बनाए गए सुलभ शौचालय जिनका उपयोग न होने से नगर वासी एवं क्षेत्रवासी हो रहे हैं परेशान जनपद पंचायत कार्यालय के पास बना सुलभ शौचालय जहां बस स्टॉप एवं ईसागढ़ ब्लॉक के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के लोग तहसील कोर्ट और जनपद पंचायत ईसागढ़ में सैकड़ों ग्रामीण आते हैं जिनको शौचालय के लिए दर दर भटकना पड़ता है।

वही बस स्टैंड स्थित शौचालय में भी ताला लगा रहता है जिस कारण यात्री एवं नगरवासी सिंह सागर तालाब किनारे खुले में शौच करने के लिए विवश हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जन प्रतिनिधि मौन है इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। आखिर लाखों रुपए खर्च करने के बाद इन शौचालयों का निर्माण नगर एवं क्षेत्र के लोगों के हित के लिए बनाए गए सुलभ शौचालय जिनमें ताला लगा रहता है। जिस कारण लोगों को दीवार की ओट लेकर या गुमठी की ओट लेकर खुले में शौच करना पड़ता हैं ऐसे में महिलाओं को ज्यादा समस्या आती है। लेकिन इन शौचालयों को सुचारू रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है जिस कारण यह शौचालय केवल में शो पीस बने हुए हैं।

यही हाल नगर परिषद के वार्ड ओडीला का है जहां आदिवासी बस्ती में बना सुलभ शौचालय जिसका उपयोग वार्डवासी नहीं कर पा रहे हैं तो फिर इन शौचालयों के निर्माण पर लाखों रुपए खर्च करने से क्या फायदा, जो लोगों के उपयोग में नहीं आ सकते लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सीएमओ का इनकी ओर कोई ध्यान नहीं जबकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पहली प्राथमिकता शौचालय है जिसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा ग्राम और नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया और खुले में शौच करने से बचाने के लिए शौचालयों का निर्माण कराया गया है। नगर का ओडीएफ के लिए चयन हुआ फिर भी आज नगर में खुले में शौच करने को विवश यहां के नगर वासी एवं क्षेत्रवासी।

### दिखवाता हूं

जनपद पंचायत ईसागढ़ परिसर कदवाया रोड पर बना शौचालय क्षतिग्रस्त है जिस कारण उसमें ताला लगाया हुआ है और दूसरा बस स्टैंड स्थित शौचालय में कुछ कमी है जिनको दुरुस्त कर जल्दी ही चालू किया जाएगा। तीसरा वार्ड ओडीला में स्थित शौचालय को दिखवाता हूं।

**सीएमओ पूरन सिंह कुशवाह** नगर परिषद ईसागढ़

### ग्राम परवई में आशा नदी पर जन सहयोग से किया बोरी बंधान

**शाढ़ौरा।** शनिवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर एवं ग्राम विकास प्रफूटन समिति परवई के संयुक्त प्रयास से ग्राम परवई में आशा नदी पर जन सहयोग से बोरीबंधान किया गया। इस बोरी बंधान गतिविधि में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान ने बैठक कर बताया कि जल संचय अभियान कलेक्टर के निर्देशन में पूरे जिले में चलाया जा रहा है इसका उद्देश्य पानी को बचाना है और ग्रामीण को जल के प्रति जागरूक करना है। आज 50 कट्टियों का बोरीबंधन किया गया तथा विथ समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि परिषद के माध्यम से विकासखंड में बोरीबंधान के माध्यम से जल को रोका जा रहा है। इस अवसर पर नवाअंकुर संस्था के सचिव विवेक रघुवंशी ,समिति के अध्यक्ष जयपाल यादव ,परामर्शदाता गणेशाराम अहिरवार और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति म्यापुर के अध्यक्ष अरुण रघुवंशी, परवई प्रस्फुटन के सचिव हरिओम एवं एमएसडब्ल्यू छात्र जितेंद्र रघुवंशी, सहित समिति सदस्य रतनलाल मुकेश, दिलीप आदि रहे मौजूद।

## साडा के 30 हेक्टेयर प्लॉटों की जांच शुरू

# भू-माफियाओं पर गिर सकती है गाज, फर्जी कागजातों से कब्जे की पोल खुलने की आहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चन्देरी में स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (साडा) के तीस साल पुराने आवंटित प्लॉटों में बड़े पैमाने पर हुए फर्जीवाड़े की जांच आखिरकार शुरू हो गई है। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर शुक्रवार से साडा क्षेत्र के लगभग 30 हेक्टेयर प्लॉटों का सीमांकन कार्य शुरू कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि 1992 में मध्य एवं निम्न वर्ग के लोगों के लिए आवासीय योजना के तहत शासन ने साडा को यह जमीन आटित की थी, लेकिन ज्यादातर प्लॉट खाली पड़े रहे। इसी का फायदा उठाकर भूमाफियाओं ने नगर पालिका के कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों से मिलीभगत कर कागजों में खूब खुर्द-बुर्द की। लंबे समय से स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों द्वारा इस फर्जीवाड़े की शिकायत की जा रही थी। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकलने से लोगों में रोष था। अब मामला कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए।

सीमांकन का पहला चरण शुरू हो गया है। मौके पर एसडीएम चंदेरी मनीष धनगर, नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता, आरआई सत्येंद्र पुरोहित, महेश गंगेले पटवारी मुकेश जाटव सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा। टीम प्लॉट-बाय प्लॉट नाप-जोख और दस्तावेजों का मिलान कर रही है। कलेक्टर ने साफ कहा है कि जो भी प्लॉट फर्जी तरीके से कब्जाए गए हैं, उन्हें मुक्त कराकर मूल हकदारों या सरकारी खजाने में वापस लिया जाएगा। जांच शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है। लोग कह रहे हैं कि तीस साल बाद आखिरकार न्याय की आस जगी है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि जांच कितनी निष्पक्ष और तेजी से पूरी होती है और भूमाफियाओं-भ्रष्ट कर्मचारियों पर कब बुलडोजर चलता है। सीमांकन कार्य के दौरान टीम की नापतौल पर भी लोग सवाल उठाते नजर आए। दौरान एक चर्चा का विषय बना रहा कि जो सीमांकन करने के लिए टीम पहुंची हुई थी, वह औकाफ-माफी की जमीन नाप कर महज खानापूर्ति का काम कर थी। लोगों का कहना है कि मुख्य रूप से साडा की जमीन का सीमांकन होना चाहिए।

### आपराधिक प्रकरण हो सकते हैं दर्ज

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सीमांकन के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी और दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण भी दर्ज होने की संभावना है। चंदेरी में साडा घोटाले की फाइल अब पूरी तरह खुल चुकी है। यह किया फर्जीवाड़ा कई प्लॉटों पर फर्जी तरीके से कब्जा कर लिया गया। पुराने रिटायर्ड अधिकारियों से बेक डेट सिग्नेचर बनवाकर नगर पालिका में पैसा जमा कर प्लॉट अपने नाम कर लिए गए।

# पिपरई नगर सड़क पर जाम, राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



नगर की सड़क पर लगे जाम में लोग काफी देर तक फंसे रहते है यहां हर 20 मिनट पर जाम लगा रहता है। जिसे हटाने में कभी कभी पुलिसकर्मियों को मसक्कत करनी पड़ती है। यह स्थिति पंचायत चैराहे, चिकमगलूर चैराहा, रामलीला मैदान में जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक समस्या स्कूल की छुट्टी के समय बनती है इस समय स्कूल के वाहन निकलते हैं जो घंटों जाम में फँसे रहते है कई यों बार तो एंबुलेंस भी जाम में फंसी रहती है। नगर परिषद के अधिकारी अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाते है। नगर परिषद व पुलिस की ओर से संयुक्त अभियान चलाया जाए। शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग के लिए उचित प्रबंध नहीं किए गए हैं। इस वजह से लोग जहां जी करता है वाहन खड़े कर देते हैं। सबसे अधिक जाम चिकमगलूर चैराहा एवं पंचायत चैराहा मार्ग पर लगता है। कारण, लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े कर खरीदारी करने लगते हैं। यही नहीं, सड़कों पर अतिक्रमण नजर आएगा। किसी ने स्थायी तो किसी ने अस्थायी दुकान सड़क की पटरियों पर लगा रखी है। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद व स्थानीय पुलिस की ओर से समय-समय पर अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन यह बेअसर साबित हो रहा है। कारण, अभियान के दौरान लोग अतिक्रमण कर लगी दुकानें तो हटा लेते हैं लेकिन बाद में फिर से वहीं दुकानें खोल लेते हैं। ऐसे में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। कईं जगह नालियां खुली पड़ी हैं जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही हैं।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर स्थित अंबेडकर पार्क में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस ने पहुंचकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक समानता, न्याय, अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली और जीवंत दस्तावेज है, जिसने करोड़ों भारतीयों को समान अवसर और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अधिकार दिया। उन्होने कहा "संविधान की मूल भावना की रक्षा, सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना और वंचित वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं। बाबासाहेब के आदर्श हमारे मार्गदर्शक हैं और हम सबका कर्तव्य है कि उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इसके पश्चात कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने बाबासाहेब के जीवन, संघर्ष और उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन शिक्षा, संगठन और संघर्ष के तीन स्तंभों पर आधारित रहा।

### उत्तर प्रदेश के छह बदमाशों ने मिलकर दिया था घटना को अंजाम

# चार्टेड बस से 21 तोला सोना चुराने वाले आरोपी धराए, 3 अभी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा



विगत दिनों एक चार्टेड बस में बैठी महिला को बातों में बहलाकर उनके बैग से 21 तोला सोना सहित नकदी चुराने वाले आरोपियों को पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरी वारदात को उत्तर-प्रदेश के छह बदमाशों ने मिलकर अंजाम दिया था जिनमें से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 26 लाख रुपए कीमती पूरा सामना व नकदी सहित अन्य सभी सामान भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार दोहपर स्थानीय कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। फरार अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई है।

#### महिला को झांसे में लेकर माल पर किया था हाथ साफ

हालिया 19 नवंबर को पवित्राबाई पत्नी रूप सिंह नागर उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बरोटा जिला देवास मक्सी से एक चार्टेड बस में बैठी थीं। इस दौरान एक बदमाश पास आकर बैठ गया और उनका बैग सीट के नीचे रखने का बोला ताकि वो सहुलियत से बैठ सके। पवित्राबाई ने बैग को सीट के नीचे रख दिया। इस दौरान पीछे बैठे दो अन्य बदमाशों ने हाथ की सफाई दिखाते हुए बैग की चैन खोल ब्लेड या अन्य वस्तु से बैग में कट लगाया और उसमें रखे सभी गहने और 80 हजार रुपए नकदी चुरा लिए। महिला यात्री जब अपने घर पहुंची और बैग खोलकर देखा तो उसमें रखी पूरी ज्वेलरी और नकदी गायब देख वो सकते में आ गईं। बाद में पवित्राबाई और परिजनों ने ब्यावरा थाने पहुंचकर इस बात की लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

#### पुलिस ने अनेकों सीसीटीवी खंगाले

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पतारसी के लिए एक विशेष टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इस पूरी जांच में अन्य जिलों की पुलिस की भी मदद लेते हुए मिर्जापुर में दबिश दी गई परन्तु आरोपी बाहर होने के कारण पकड़े नहीं जा सके। बाद में तकनीकी लोकेशन आधारित टैकिंग के बाद तीन आरोपियों को श्योपुर-मुरैना मार्ग, जौरा बस

**पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया पूरे मामले का खुलासा**

स्टैंड से धर-दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपियों में टिंकू उर्फ टिंका पिता रामजीलाल अहेरिया उम्र 34 वर्ष निवासी मिर्जापुर, हाथरस (उ.प्र.), धर्मेन्द्र पिता जंगबहादुर अहेरिया, उम्र 47 वर्ष, निवासी मिर्जापुर, हाथरस, उप्र एवं नूरसिंह पिता गोवर्धन अहेरिया, उम्र 60 वर्ष, निवासी मोहदीनपुर, हाथरस (उ.प्र.) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों से उनके तीन अन्य साथियों के बारे में पूछताछ जारी है जिसके लिए न्यायालय से पीआर ली गई है।

#### ये आरोपी फिलहाल फरार

पुलिस ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले तीन अन्य आरोपी अनमोल अहेरिया, बंटी अहेरिया एवं भूपेंद्र अहेरिया फिलहाल फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 21 तोले सोने के आभूषण कीमती करीब 26 लाख एवं 80 हजार नकदी भी बरामद कर ली गई है।

# इलाज के नाम पर ड्रग्स का कारोबार पुलिस बल ने रंगेहाथों पकड़ा डॉक्टर

### स्वास्थ्य अमला व ड्रग इंस्पेक्टर ने क्लीनिक किया सील




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मरीजों का इलाज करने के नाम पर ब्यावरा में चल रहे अजय क्लीनिक के संचालक को नशीले ड्रग्स का कारोबार करते सिटी पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से दवाओं के रूप में नशीले ड्रग्स देने की शिकायतें सिटी पुलिस को मिल रही थी जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस साधारण डेस में ग्राहक बनकर पहुंची और संचालक को पकडा एवं ड्रग्स इंस्पेक्टर और सीएमएचओं ने अजय क्लीनिक पर पहुंचकर 2 दर्जन से अधिक दवाओं को जब्त किया है। पुलिस ने डॉ रामप्रसाद पिता तंवरलाल विश्वकर्मा को थाने ले जाकर पूछताछ की व सीएमएचओ के आदेश के बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक ड्रग इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल दवाओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट बनाने की बात कह रहे थे।

#### कार्रवाई से झल्लाए डॉ पुलिस से बोले - तुम मुझे फांसी पर चढ़वा देना

अप्रत्याशित रूप से पुलिस की कार्रवाई और बोखलाए अजय क्लीनिक के संचालक डॉ रामप्रसाद विश्वकर्मा को जब थाने जाने के लिए पुलिस ने गाड़ी में बैठने को बोला तो डॉ विश्वकर्मा ने पुलिस से कहा की मैं अपनी कार से थाने आता हूं फिर टीआई वीरेन्द्र सिंह धाकड़ ने बोला तो डॉक्टर पुलिस गाड़ी में यह कहते चढ़े की तुम मुझे फांसी पर चढ़वा देना।

#### नकाबपोशों की आंखों में धूल झोंककर बच्चों ने खुद को बचाया

*राजगढ़। स्थानीय नगर पालिका दफ्तर के ठीक सामने शुक्रवार रात्रि हुए एक वाकये के बाद थाने में कई लोगों की भीड़ जमा हो गई। दरअसल, शंकर कॉलोनी निवासी 11-12 साल उम्र के चार बच्चे दूध लेने के लिए नाका नंबर-3 पर आए हुए थे। इस दौरान मुंह पर कपड़ा, मफलर लपेटे हुए तीन लोगों ने बच्चों से किसी का पता पूछा और बाद में बच्चों से झूमाझटकी करने लग गए। इस दौरान एक बच्चे ने जमीन पर पड़ी मिट्टी बदमाशों के आंखों में फेंक डाली जिसके बाद उक्त तीनों अज्ञात व्यक्ति मौके से फरार हो गए। बच्चों ने घर पहुंचकर यह बात अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद शुक्रवार रात्रि करीब 9 बजे परिजनों ने कोतवाली थाने पहुंचकर इस पूरे वाकये से पुलिस को अवगत कराकर लिखित में इसका आवेदन दिया। हालांकि, उक्त तीनों व्यक्ति कौन थे और उनका क्या मकसद था इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। कोतवाली टीआई अखिलेश वर्मा के अनुसार आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त आसपास के सीसीटीवी देखकर मामले की जांच की जा रही है।*

### कॉलेज चलो अभियान : छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए किया गया प्रेरित



सारंगपुर। शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण कर 12वीं कक्षा की छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें भविष्य के शैक्षणिक अवसरों से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोड़या ने छात्राओं से संवाद करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों, सुविधाओं व मार्गदर्शन की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और स्नातक स्तर पर अध्ययन हेतु प्रेरित किया।कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोदवाल ने महाविद्यालय में प्रवेश के उपरांत मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों एवं शासन की हितग्राही योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने 12 वीं कक्षा में श्रेष्ठ अंक अर्जित करने के लिए निरंतर अध्ययन और लक्ष्य निर्धारण के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में प्रो. संगीता गुप्ता ने नई शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषताओं, लचीलापन, बहुविषयक अध्ययन एवं कौशल आधारित शिक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. वसीम शेख ने प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सावधानियों, ऑनलाइन फॉर्म भरते समय होने वाली सामान्य त्रुटियों से बचाव तथा दस्तावेजों की सही तैयारी पर व्यवस्थित मार्गदर्शन दिया।

### शौर्य दिवस पर शौर्य सभा एवं कारसेवक सम्मान समारोह संपन्न

# कार सेवकों की स्वयंसेवा, संघर्ष और समर्पण के साथ बलिदान का परिणाम हैः लक्ष्मीनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सानिध्य में 6 दिसंबर को आयोजित शौर्य सभा एवं कारसेवक सम्मान समारोह बाबा रामदेव मंदिर परिसर, जीरापुर रोड पर गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में वर्ष 1992 के राम जन्मभूमि आंदोलन में कार सेवा देने वाले सभी कारसेवकों का सम्मान किया गया शौर्य सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मी नारायण चैहान ने कहा कि आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण कार्य सेवकों के अथक संघर्ष और बलिदान का परिणाम है उन्होंने बताया कि मुगल आक्रांताओं द्वारा अनेक हिंदू मंदिरों को ध्वस्त कर मस्जिदों का निर्माण किया गया, जिनमें से एक राम जन्मभूमि मंदिर भी था वर्ष 1992 में कारसेवकों ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए बाबरी ढांचा हटाकर श्रीराम जन्मभूमि की आधारशिला रखी, जिसका परिणाम आज पूरे विश्व के सामने अयोध्या में उभरते भव्य मंदिर के रूप में दिखाई दे रहा है सभा में 1992 में कारसेवा करने वाले जीवित कारसेवकों का सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख कारसेवकों में राधेश्याम पुष्पद, राधेश्याम चैहान, राधेश्याम प्रजापति, यशवंत मोरे, पुरुषोत्तम गुप्ता, विजय सिंह किरार, कृष्ण कुमार, नारायण सिंह विश्वकर्मा, करणसिंह उमठ, रोडूराम पुष्पद सहित अन्य कारसेवक शामिल रहे कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह कुंभकार, जिला सह मंत्री कमल किरार, पवन सोंधिया, गोविंद सिंह रुहेला, अभिषेक धाकड़, बालचंद किरार, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे शौर्य दिवस का यह आयोजन उत्साह, श्रद्धा और संगठनात्मक एकता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# डॉ. अंबेडकर को दी मंत्री टेटवाल सहित भाजपाईयों ने श्रद्धांजलि



सारंगपुर। नगर के अम्बेडकर पार्क में महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यस्मृति) के अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के संघर्षमय जीवन, विचारों और योगदान को स्मरण करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक कुंवर कोठार, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, गिरिवर भंडारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, विष्णु पाटीदार,अमित सक्सेना पार्षद अमित गिरजे सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने डॉ. अंबेडकर द्वारा संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान, दलितों एवं वंचितों के अधिकारों की रक्षा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना को नमन किया। अपने संबोधन में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का अदम्य साहस, समता का सिद्धांत और सामाजिक न्याय का संदेश आज भी हमें एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समानता केवल विचार नहीं, बल्कि शासन और समाज की बुनियाद है। यही बाबा साहब का सपना है।

## खेल से सीख समानता का मॉडल संयुक्त क्रिकेट मैच का आयोजन



नरसिंहगढ़। शनिवार को मॉडल स्कूल नरसिंहगढ़ में राइस कार्यक्रम के तहत गर्ल राइजिंग और चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट ने विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से बालक एवं बालिकाओं के बीच संयुक्त क्रिकेट मैच का आयोजन किया। इस गतिविधि का उद्देश्य "खेल के माध्यम से समानता" के संदेश को मजबूत करना था, ताकि छात्र-छात्राएँ टीमवर्क, नेतृत्व और समान अवसर के महत्व को अनुभव कर सकें। राइस कार्यक्रम वर्तमान में राजगढ़ जिले के 24 शासकीय विद्यालयों में संचालित है, जो विद्यार्थियों के सामाजिक-भावनात्मक विकास, लैंगिक समानता और नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। मैच के दौरान बच्चों ने जाना कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग, आत्मविश्वास और सम्मान का माध्यम भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान किए गए। आयोजन के दौरान विद्यालय प्राचार्य महेंद्र सिंह हाड़ा, शिक्षक तरुण शर्मा, दीपा दुबे एवं भगवान सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### होमगार्ड के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ परेड का कार्यक्रम

# राष्ट्रपति, गृहमंत्री के संदेश वाचन उपरांत ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



होमगार्ड के स्थापना दिवस पर स्थानीय होमगार्ड कार्यालय स्थित परेड ग्राउण्ड पर शनिवार सुबह एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जिन्होंने गृहमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, जिला कमान्डेंट होमगार्ड डी.आर. वर्मा सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने महामहिम राष्ट्रपति एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने होमगार्ड महानिदेशक के संदेश का वाचन किया। समारोह में परेड हेतु 02 होमगार्ड एवं 02 सिविल डिफेन्स वालिन्टियर्स के प्लाटून लगाये गए। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर रणजीत सिंह भिलाला द्वारा किया गया। परेड टू आई.सी. हवलदार अनुदेशक होमगार्ड अशोक कुमार कौरव रहें।

इस दौरान होमगार्डस एवं एसडीईआरएफ जवानों द्वारा आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्य, पुलिस व प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कानून व्यवस्था ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी एवं अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटियों में योगदान पर सराहना व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान होमगार्डस जवानों के मेधावी बच्चों को शिक्षा निधि प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया।

### रेडक्रॉस व प्रशासन की संयुक्त पहल

## वृद्धाश्रम के 16 बुजुर्ग महाकाल लोक के दर्शन करने रवाना हुए




राजगढ़। अपनों की बेरुखी के चलते अपने ही घर से दूर वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों लिए प्रशासन और रेडक्रॉस सोसायटी ने अच्छी पहल की है। वृद्धाश्रम में निवासरत 16 बुजुर्गों सहित रेडक्रॉस सोसायटी की टीम और प्रशासनिक अधिकारियों व केयर टेकर सहित कुल 32 लोगों शनिवार सुबह उज्जैन महाकाल लोक की तीर्थयात्रा पर भेजा गया। यात्रा आरंभ करने के पूर्व कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सहित रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय शेखर शर्मा, राकेश गुप्ता सहित प्रशासनिक टीम में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों ने सभी बुजुर्गों को तिलकर लगाकर उनके पैर छीते हुए आर्शिवाद लिया। इसके उपरान्त सभी को उज्जैन के लिए रवाना कर दिया गया। बुजुर्गों की की देखभाल के लिए वृद्धाश्रम संचालक, काउन्सलर, वृद्धाश्रम प्रबंधक सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी साथ में भेजा गया है।

## साइकिल वितरण में उत्साहवर्धन के लिए बेटियों संग जमीन पर बैठ खिंचवाई फोटो



ब्यावरा। शहर में स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित निरूशुल्क साइकल वितरण कार्यक्रम में मंत्री नारायण सिंह पंवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने 245 छात्राओं को निरूशुल्क साइकिलों का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री पंवार का सादगी और आत्मीयता से भरपूर अनोखा अंदाज तब देखने को मिला, जब वे बेटियों के साथ जमीन पर बैठकर फोटो खिंचवाते नजर आए। इस दृश्य ने उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया और छात्राओं में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। मंत्री पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रभावी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, साइकिल वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं, पीएम श्री स्कूल योजना, मुफ्त पाठ्यपुस्तक वितरण और निःशुल्क गणवेश योजना जैसी योजनाएं बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। मंत्री पंवार ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है, वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बना रही है। साइकिल वितरण योजना से अब ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी आत्मविश्वास के साथ स्कूल पहुंच रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की मंशा है कि हमारी कोई भी बेटी संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।

### घटिया निर्माण से नालियां भी टूटना शुरू, कर चुके हैं शिकायत

# सिटी पोर्सन रोड 1 महीने में रिपेयर होना शुरू





ब्यावरा। 50 करोड की लागत से 2 साल में बनकर तैयार हुआ खिलचीपुर सिटी पोर्सन रोड बनने के 1 महीने में ही रिपेयर होना और टूटना शुरू हो गया है। बनते समय भी इसकी गुणवत्ता को लेकर विधायक हजारी लाल दांगी ने भी सवाल उठाए थे इसके बाद भी ठेकेदार ने अपनी मनमानी करते हुए घटिया क्वालिटी का निर्माण कर सरकारी पैसे की बंदरबांट कर ली। आज भी हालात यह है कि सिटी पोर्सन रोड पर रिपेयरिंग करते व उसकी पानी से तराई करते देगा जा सकता है जिसको बने हुए मात्र 1 महिना ही बीता है। ठेकेदार द्वारा बनाई गई नालियों के हाल यह है कि वह टूटकर गिरने लगी है इससे ठेकेदार व निर्माण एजेंसी की कार्यशैली संदेह के घेरे में है।

#### पोल शिफ्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य में भी हैं अनियमितताएं

1. यह कि, निर्माणाधीन रोड़ फाइनल कार्य प्रगति पर है जिसमे पेट्रोल पम्प से बीच डिवाइडर मे पोल खड़े किये गये हैं व गायत्री कालोनी रेस्टहाउस के सामने से जीरापुर नाके तक पोल ही खड़े नहीं किये गये हैं। जिससे नगर की सुंदरता के साथ स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

2. यह कि. पोल शिफ्टिंग में फिल्ड ग्राउण्ड के साइड से स्कूल के सामने से लेकर बिहारी कालोनी के रोड तक साइड पोल शिफ्टिंग नहीं किये।

3. विभाग में सीएम हेल्पलाइनों पर क्रमशः शिकायत होने के बाद भी विद्युत यांत्रिकी विभाग द्वारा बस स्टेण्ड के बीच सर्कल पर एसबीआई के सामने डीपी ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। जहां से बसे मुड़ती है। अभी कुछ समय पूर्व एक बस में करंट फैलने का हादसा हो गया था।

4. ट्रांसफार्मर केबल व खन्ने और डीपीयों पर लगने वाले उपकरण स्टीमेट अनुसार मानक स्तर के नहीं है। स्टीमेट से इनकी मौका जांच कराई जाये।

5. पोल शिफ्टिंग अभी अधूरे हैं तथा झालावाड नाके पर रोड़ छोटा होने से लोकनिर्माण विद्युत यांत्रिकी विभाग, लोकनिर्माण विभाग दोनो के बीच अमध्यस्थता हो रही है।

6. यह कि, इस हेतु दिनांक 05 अगस्त 2025 को एसडीएम खिलचीपुर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था जिस पर एसडीएम खिलचीपुर द्वारा पत्र क्र. 3076/शिकायत दिनांक 05 अगस्त 2025 कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विद्युत यांत्रिकी विभाग जिला राजगढ़ को पत्र खिलचीपुर प्रतिवेदन मांगा था जिस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।